दिन– गुरूवार दिनांक– 06/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधान मंडल के बजट सत्र के पांचवें दिन आज विधानसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही भाकपा माले विधायकों ने सदन के बीचों–बीच पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। ये सभी रसोईया और सफाई कर्मी का मानदेय बढ़ाकर अठारह हजार रूपये करने की मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बार–बार आग्रह के वाबजूद विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यदि कोई समस्या है तो लिखकर दीजिए, उस पर विचार किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे विधायक अपनी–अपनी सीट पर बैठ गए। इधर, आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक अमरेंद्र सिंह ने धान खरीद के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि किसानों की जगह बिचौलियों के माध्यम से धान खरीद का लक्ष्य दिखाया गया है। भाजपा विधायक तारकिशोर प्रसाद ने भी कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी धान की खरीद नहीं हुयी है। इस पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि इस बार लक्ष्य का सत्तासी प्रतिशत धान खरीदा गया। उन्होंन कहा कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो सरकारी नौकरियों में शत–प्रतिशत डोमिसाईल की नीति लागू की जायेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा फार्म भरने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। साथ ही परीक्षार्थियों को आने–जाने का किराया भी सरकार देगी। श्री यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर नशामुक्ति से कोई समझौता नहीं होगा। शराबबंदी कानून को मजबूती के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ताड़ी को शराबबंदी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। श्री यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर रसोई गैस सिलेंडर का मूल्य पांच सौ रूपए किया जाएगा।

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राजद समेत पूरा विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष रोजगार की बात करता था। आज यह मुद्दा भी उनके पास नहीं बचा। डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजद को पहले अपने संगठन में डोमिसाइल की नीति लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुफ्त योजना की बात करने वाले नेताओं को अरविंद केजरीवाल की स्थिति से सीख लेनी चाहिए। डॉ. जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार सम्मान के साथ सभी राज्यवासियों को योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों की आलोचना की।

---

मोतिहारी के गांधी मैदान में कल से शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत हो रही है। दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में थल सेना, जल सेना और वायु सेना के अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। साथ ही लोगों को सैन्य गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। शौर्य वेदनम उत्सव का उद्देश्य युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करना है।

---

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आज सुपौल के वीरपुर में विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, आठ और नौ मार्च को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।